# कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

## विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा–2026 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के शैक्षिक विवरणों में हुयी त्रुटियों को संशोधित किये जाने हेतु परिषद की वेबसाइट दिनांक 31.10.2025 तक क्रियाशील है। शैक्षिक सत्र 2025–26 (परीक्षा वर्ष 2027) हेतु **कक्षा 09 व 11 के अग्रिम पंजीकरण** में भी विद्यालय स्तर से छात्र/छात्राओं के शैक्षिक विवरण त्रुटिपूर्ण अपलोड किये जाने के प्रकरण संज्ञानित हुए हैं।

अस्तु छात्रहित में शैक्षिक सत्र 2025–26 (परीक्षा वर्ष 2027) हेतु कक्षा–9/11 के अग्रिम पंजीकरण में छात्र/छात्राओं के शैक्षिक विवरणों में हुयी त्रुटियों के निराकरण हेतु सभी शैक्षिक विवरणों यथा विषय/वर्ग, छात्र के नाम, माता/पिता के नाम, जेन्डर, जाति, जन्मतिथि, फोटो, कक्षा–11 के पंजीकरण में हाईस्कूल के त्रुटिपूर्ण अनुक्रमांक आदि के संशोधन तथा छात्र/छात्राओं के विवरण को नियमानुसार डिलीट/रिस्टोर किये जाने हेतु **दिनांक 28.10.2025 से 05.11.2025 की मध्यरात्रि 12:00 बजे तक** परिषद की वेबसाइट **upmsp.edu.in** क्रियाशील रहेगी।

परीक्षार्थियों के शैक्षिक विवरणों की उपरोक्त त्रुटियों को तद्नुसार सम्बंधित प्रधानाचार्य द्वारा वेबसाइट पर लॉगइन कर समयान्तर्गत संशोधित/अपडेट करा दिया जाय।

उपरोक्त निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के उपरान्त संशोधन हेतु कोई अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

(भगवती सिंह)
सचिव

पृ0सं0: मा0शि0प0/सिस्टम सेल/ 803(1-5)　　　　दिनांक: 27.10.2025

उक्त विज्ञप्ति की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

(1) सम्पादक समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि विज्ञप्ति को जनहित में अपने समाचार पत्र के समस्त संस्करणों में मुख्य पृष्ठ पर निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

(2) शिक्षा निदेशक(मा0) एवं सभापति, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

(3) संयुक्त शिक्षा निदेशक/उप शिक्षा निदेशक, समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।

(4) अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षे0का0, मेरठ, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी तथा गोरखपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि विज्ञप्ति का अपने स्तर से भी परिक्षेत्र में व्यापक प्रचार प्रसार कराने का कष्ट करें।

(5) जिला विद्यालय निरीक्षक, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि विज्ञप्ति का अपने स्तर से भी परिक्षेत्र में व्यापक प्रचार प्रसार कराने का कष्ट करें।

27/10/25
(भगवती सिंह)
सचिव

Scanned with CamScanner